प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

नोडल अधिकारी,
यू0–राईज पोर्टल,
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,
उत्तर प्रदेश कानपुर।

पत्रांकः–प्राशिप/परिषद/2021/ 2129 लखनऊःदिनांक– 23/7/2021

विषयः–सत्र 2021–22 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/परिषद/2021/1779 दिनांक 06–07–2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा नवस्थापित संस्थाओं को यू0–राईज पोर्टल पर उत्पन्न हो रही समस्याओं तथा ए0आई0सी0टी0ई0 शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार समयबद्ध अनुपालन के दृष्टिगत दिनांक 08–7–2021 के सांय 5 बजे तक ऑफलाइन आवेदन करते हुए हार्डकापी परिषद कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिये गये थे।

साथ ही संस्थाओं को यह भी निर्देश दिये गये थे कि पोर्टल का संचालन सुचारू रूप से होने पर आवेदन हेतु पुनः पोर्टल खोला जाएगा, जिस पर समस्त नवआवेदित संस्थानों को आवेदन करना अनिवार्य होगा।

उक्त के दृष्टिगत नवस्थापित संस्थाओं से सत्र 2021–22 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में **दिनांक 26–7–2021 से 30–7–2021 के मध्य** यू0–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाना है। कृपया इस संबंध में अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2021/ 2130–33 तद्दिनांक– 23/7/2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
4. निदेशक, आई0आर0डी0टी0, उ0प्र0 कानपुर।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

E:\NEW INSTT 2021-22.docx

Scanned by CamScanner